वार्षिकांक

राजस्थान सरकार

हवामहल

(कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)

RSCERT Udaipur

8 मई 2021: शनिवार: वर्ष-02: अंक – 01

आज की कहानी

छुटकू उड़ चला

"छुटकू अपने छोटे से घोंसले से ऊब गया है। वह बड़ी दुनिया की खोज करना चाहता है। कैसा रहा दुनिया की खोज का उसका अनुभव? इस मजेदार कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें और कहानी सुनें।"

3 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | एकलव्य

आज की कहानी

मुफ़्त के तीन

"एक पहाड़ के पास एक छोटे से गाँव में एक बूढ़ा, लड्डू बेचने आया। एक रुपये का एक, दो रुपये के दो और तीन मुफ़्त में। गाँव वालों ने देखा कि तीन लड्डू वाकई मुफ़्त में थे तो उन्होंने झट ढेर सारे लड्डू खाने शुरू कर दिये। लालच में उन्होंने यह भी नहीं देखा कि पहाड़ का कुछ हिस्सा भी गायब होने लगा था। इस कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।"

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | स्टोरीवीवर

आज की किताब

उस जैसा कुछ

"रमॉन को किसी भी जगह, कहीं भी चित्रकारी करना पसंद है। लेकिन जब उसका भाई उसकी आकृतियों पर हंसता है, तो रमॉन अपना आत्मविश्वास और चित्र बनाने की खुशी खो देता है। महीनों की हताशा के बाद, रमॉन फिर से कुछ क्रिएटिव करने का फैसला करता है। आखिर कैसे? इस सुंदर सी कहानी को पढ़ने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | अरविंद गुप्ता टॉयज़



आज की गतिविधि

कठपुतली

"इस वीडियो के माध्यम से घूमने-नाचने वाली कठपुतली बनाएँ। घर में इस कठपुतली के करतब दिखाना सुखद होगा। इसे आपके लिए अरविंद गुप्ता जी प्रस्तुत कर रहे हैं। इस गतिविधि के वीडियो को देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।"

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | अरविंद गुप्ता टॉयज़

टीचर्स कॉर्नर

रीड अलाउड

"पठन में जीवन्तता लाने और बच्चों को किताबों से प्रभावपूर्ण ढंग से जोड़ने के लिए मूलभूत पठन रणनीति है - पढ़कर सुनाना या रीड अलाउड. इसे शिक्षक या लाइब्रेरी प्रभारी योजनाबद्ध तरीके से तैयार कर बच्चों के लिए प्रस्तुत करते हैं। इस गतिविधि का वीडियो देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।"

शिक्षकों के लिए | पराग

#घरमेंरहें

#आनन्दसेपढ़ें

सूचना – हवामहल के माध्यम से कहानियों के प्रसारण हेतु शिक्षक साथी अपनी पसंदीदा कहानियों का ऑडियो, किताब एवं लेखक के विवरण सहित हमसे hawamahal.rscert@gmail.com पर साझा करें। ऑडियो की अवधि 5 मिनिट से अधिक न हो एवं गुणवत्ता अच्छी हो।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।

बधाई! **हवामहल की एक साल की यात्रा पूरी होने पर सभी को बधाई!!** *बधाई!*